**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding problem of irrigation in Jahanabad Parliamentary Constituency, Bihar.

**श्री चन्देश्वर प्रसाद (जहानाबाद):** सभापति महोदय, कई दिनों के प्रयास के बाद शून्यकाल में बोलने का मौका मिला है । इसके लिए मैं आपको बहुत धन्यवाद देता हूं । हमारा बिहार आज बाढ़ और सुखाड़ की दोहरी मार झेल रहा है । लोकप्रिय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने 27 जुलाई को इस संबंध में एक समीक्षा बैठक की है । पूरे बिहार के सभी पदाधिकारियों के साथ उन्होंने बैठक की है और इसकी समीक्षा की है ।

मैं कहना चाहता हूं कि उनके द्वारा तो काफी प्रयास किया जा रहा है, लेकिन जब तक भारत सरकार उसमें मदद नहीं करेगी तब तक बिहार की जो समस्या है, उससे निपटा नहीं जा सकता है । महोदय, 9 जिलों में काफी कम बारिश हुई है, वहां सूखे की स्थिति उत्पन्न हो गई है । उन नौ जिलो में पीने के पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है । मेरा संसदीय क्षेत्र जहानाबाद जिला पूर्णत: कृषि पर आश्रित जिला है । वहां की सारी नदियां बरसाती हैं और वहां पर कृषि मानसून पर आधारित है । विगत कुछ वर्षों से मानसून की बारिश अत्यंत कम, असमय एवं असमानुपातिक हो रही है, जिससे सिंचाई भी प्रभावित हो रही है । मेरे ही संसदीय क्षेत्र के अरवल जिले से होकर पुनपुन और सोन नदी गुजरती हैं, जो बारहमासी नदियां हैं । इन दोनों नदियों से बहुत पूर्व से जहानाबाद जिले में पानी को उपलब्ध कराने की मांग की जाती रही है । वर्ष 2000 में पुनपुन सिंचाई योजना की स्वीकृति प्राप्त हुई, जिसके अन्तर्गत हमीदनगर बराज का निर्माण कार्य वर्ष 2015 में पूरा किया जा चुका है । इसके दांया नहर प्रणाली से अरवल जिला का करपी प्रखंड, जहानाबाद जिला का रतनी-फरीदपुर प्रखंड तथा पटना जिला का मसौढ़ी एवं पुनपुन प्रखंड में सिंचाई की जानी है । इस योजना को मार्च

2019 के पूर्व पूरा किया जाना प्रस्तावित था, परन्तु अब तक नहर प्रणाली में कार्य नहीं किया जा सका है । वैकल्पिक रूप से पुनपुन मुख्य नहर के 20.65 किलोमीटर से दांयी तरफ एक फीडर चैनल निकाल कर 5 किलोमीटर के उपरांत बलदैया नदी में जोड़ा जा सकता है । बलदैया से मोरहरा नदी के सीसंबा तक चैनल निर्मित है ।

महोदय, पुनपुन नहर के ऊपरी भाग से बलदैया नदी तक लिंक चैनल से जोड़ने की संभावना भी देखी जा सकती है । सोन नदी पर डेहरी के पास इन्द्रपुरी बराज काफी पूर्व से निर्मित है एवं इससे सोन नहर प्रणाली निकली है । इस नहर प्रणाली से अरवल जिला का पुनपुन एवं सोन नदी के बीच का भाग भी सिंचित होता है । सोन नदी पर ही अरवल जिले में पूर्व में एक बराज निर्माण की योजना है । उससे पुनपुन नदी एवं पुनपुन से मोरहर तक पानी पहुंचाने हेतु सर्वेक्षण कर डी.पी.आर. तैयार करने की आवश्यकता है ।

**माननीय सभापति:** चन्देश्वर जी, समाप्त कीजिए ।

**श्री चन्देश्वर प्रसाद:** वर्तमान में पुनपुन नदी के पंचतीर्थ स्थल से गंगहर नदी और मोरहर नदी जुड़ी हुई है । मोरहर नदी में काफी मात्रा में गाद भरा हुआ है ।

**माननीय सभापति:** इसमें पूरा भाषण नहीं होता है । दो मिनट में अपनी बात कह देनी चाहिए ।

**श्री चन्देश्वर प्रसाद :** मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि राज्य सरकार के साथ मिलकर जहानाबाद जिला के लिए एक ऐसी विशेष कार्य योजना बनाए, जिससे जहानाबाद जिले में सिंचाई और पीने के पानी की समस्या का समाधान हो सके, धन्यवाद ।